तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 22.6° | 13.2° |
| इंदौर | 23.4° | 13.5° |
| जबलपुर | 24.5° | 13.8° |
| ग्वालियर | 25.0° | 10.4° |


दैनिक
# नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 58,पृष्ठ 12)
शनिवार 25 जनवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये




राजधानी... प्रदेश की पर्वतारोही भावना डेहरिया ने...


खेल... अंगूठे की चोट से उबरे कुहनेमन, श्रीलंका दौरे के लिए...


व्यापार... सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार, सोना और...


देश-विदेश... हमास का खात्मा नहीं कर पाया इजरायल, गाजा...



www.naiduniaonline.com

खास-खबरें

### सिविल जज भर्ती 2022 पर जबलपुर हाई कोर्ट की रोक

**जबलपुर( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश जबलपुर हाई कोर्ट द्वारा सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 के चलते जारी विज्ञापन और शुद्धिपत्र पर स्टे लगा दी गई है। शुक्रवार को चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए विज्ञापन के आधार पर की जा रही समस्त भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने का निर्णय किया। दरअसल, नियमों का पालन नहीं होने के चलते जबलपुर हाई कोर्ट ने इस भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई है। इसके साथ ही हाई कोर्ट द्वारा राज्य सरकार और विधि विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। वहीं, सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट खंडपीठ ने विधि विभाग और हाई कोर्ट प्रशासन को नोटिस जारी किया और विज्ञापन व शुद्धिपत्र को तत्काल रूप से रोक दिया। वहीं, अब स्टे लग जाने के चलते सिविल जज भर्ती 2022 की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा नहीं होगी। जिन आवेदकों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन दिया है, उन्हें कोर्ट के अगले आदेश का इंतजार करना पड़ेगा।

### राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को करेंगी संबोधित



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति का संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में और फिर अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा।

*नारी सशक्तिकरण मिशन के क्रियान्वयन को स्वीकृति...*

## उन्नीस नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बंदी का ऐतिहासिक निर्णय

- **मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक**
- **विशेष परिस्थितियों में स्थानान्तरण पर प्रतिबंध से छूट**
- **डॉ. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में किया जायेगा विकसित**
- **भोपाल में बावड़ियाकलां चौराहा से आशिमा मॉल तक रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को मिली मंजूरी**
- **प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में सोलर कृषि पम्प शामिल किए जाने की स्वीकृति**



**भोपाल( काप्र )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के 19 पवित्र शहरों में शराब पर प्रतिबंध को मंजूरी दे दी है। डॉ. यादव ने इसको लेकर कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि राज्य धीरे-धीरे शराबबंदी की ओर बढ़े, हमने तय किया है कि पहले चरण में 19 शहरों की नगर पालिका, नगर परिषद, नगर पंचायत में शराब की दुकानें बंद की जाएंगी।**

इन दुकानों को कहीं और शिफ्ट नहीं किया जाएगा। बल्कि स्थाई रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में जहां भी भगवान कृष्ण और भगवान राम ने कदम रखे हैं, वहां शराब पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के 19 धार्मिक शहरों और कस्बों में सभी प्रकार की शराब, चाहे वह देसी हो या विदेशी, पूरी तरह से प्रतिबंधित होगी। कैबिनेट ने आज इस फैसले को मंजूरी दे दी है और जल्द ही यह प्रतिबंध लागू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक शुक्रवार को लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में हुई। मंत्रि-परिषद के निर्णय अनुसार उज्जैन,ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मण्डला, मुलताई, मंदसौर और अमरकंटक की सम्पूर्ण नगरीय सीमा में एवं सलकनपुर, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमानकलां, बरमानखुर्द और लिंगा की ग्राम पंचायत सीमा में समस्त मदिरा दुकानों एवं बार को बंद किया जाएगा। प्रदेश के 19 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को पूर्णतः पवित्र घोषित किया गया है। इसके साथ ही देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारम्भ किया जाएगा। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में महिलाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से विमेन लीड डेवलपमेंट प्रयास को समन्वित रूप से लागू करने के लिए देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन के क्रियान्वयन का सैद्धांतिक अनुमोदन दिया। मिशन के प्रमुख लक्ष्यों में जन्म के समय लिंगानुपात में 5 अंक प्रति हज़ार की वृद्धि करना, बालिकाओं की 10 या उससे अधिक वर्षों की स्कूली शिक्षा में 5 प्रतिशत की वृद्धि करना, मातृ मृत्यु दर में 10 अंक की कमी लाना, ( शेष पेज 2 पर )

**वक्फ पर बनी जेपीसी की बैठक में हंगामा, बुलाना पड़ा मार्शल**

## ओवैसी-कल्याण समेत दस विपक्षी सांसद सस्पेंड

**नईदिल्ली(एजेंसी)।**

**वक्फ संशोधन बिल पर बनी जेपीसी की बैठक में हंगामा हो गया है। इस हंगामे को देखते हुए मार्शल बुलाए गए। असदुद्दीन ओवैसी और कल्याण बनर्जी समेत 10 विपक्षी सांसदों को जेपीसी सदस्यता से एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। विपक्षी सांसदों का आरोप है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। जेपीसी में विपक्षी दलों के सांसदो को निलंबित करने का प्रस्ताव बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे लाए थे। चेयरमैन जगदंबिका पाल ने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।**

जिन सांसदों को सस्पेंड किया गया, उनमें असदुद्दीन ओवैसी, इमरान मसूद, कल्याण बनर्जी, अरविंद सावंत, नासिर हुसैन, ए राजा, मोहिबुल्लाह नदवी, एमएम अब्दुल्ला, नदीमुल हक, मोहम्मद जावेद का नाम शामिल है। यह पहली बार नहीं है जब जेपीसी की बैठक में हंगामा हुआ हो। इससे पहले भी इस बैठक में विवाद हो चुके हैं। हंगामे को लेकर अरविंद सावंत ने कहा कि समय नहीं दिया, जल्दबाजी कर रहे हैं। 10 सदस्यों को आज भर के लिए सस्पेंड कर दिया है। हम 31 को क्लॉज-दर-क्लॉज चर्चा चाहते थे पर ये 27 जनवरी पर अड़े हैं। वक्फ पर बनी जेपीसी में विपक्षी दलों के सदस्यों द्वारा हंगामे के पीछे का मुख्य कारण समिति के सदस्यों की ये मांग थी कि रिपोर्ट एडॉप्ट की तारीख को 31 जनवरी किया जाए।

क्लॉज दर क्लॉज अमेंडमेंट पर चर्चा के लिए पहले 24 और 25 जनवरी की तारीख तय की गई थी। लेकिन कल गुरुवार की देर रात वो तिथि चेंज करके 27 जनवरी कर दी गई थी। विपक्षी सांसदों की ये मांग थी कि क्लॉज बाय क्लॉज के लिए बैठक 27 जनवरी की जगह 31 जनवरी कर दिया जाए। समिति के अध्यक्ष विपक्षी दलों के सांसदों की मांग के लिए तैयार नहीं थे। पहले के तय कार्यक्रम के मुताबिक आज 24 जनवरी को क्लॉज बाय क्लॉज अमेंडमेंट एडॉप्शन किया जाना तय था लेकिन आज मीरवाइज फारूक के नेतृत्व में कश्मीर के मुस्लिम स्कॉलर्स को समिति के सामने बात रखने का मौका दिया गया। ये निर्णय कल रात को ली गई थी। समिति के 21 लोकसभा और 10 राज्यसभा सदस्यों में से 13 विपक्षी दलों से हैं। निचले सदन में नौ और उच्च सदन में चार सदस्य हैं। माना जा रहा है कि समिति आगामी बजट सत्र में अपनी 500 पन्नों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकती है। वक्फ पर बनी इस समिति ने दिल्ली में 34 बैठकें की हैं और कई राज्यों का दौरा किया है, जहां 24 से अधिक हितधारकों को बुलाया गया था।

## केंद्र सरकार बालिकाओं के साथ भेदभाव समाप्त करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञः मोदी




**नईदिल्ली( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार बालिकाओं के साथ किसी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है और उनके सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम दिख रहा है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बालिकाओं के लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनके कारनामे हम ( शेष पेज 2 पर )

### मार्टिन को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयरलैंड के नये प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन को शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। श्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा,श्री माइकल मार्टिन को आयरलैंड के प्रधानमंत्री का पद संभालने पर बधाई। हम साझा मूल्यों की मजबूत नींव और लोगों से लोगों के बीच गहरे संपर्क पर आधारित हमारी द्विपक्षीय साझीदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कांग्रेस ने किया पूर्वांचलियों के लिए अलग मंत्रालय बनाने का वादा

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** कांग्रेस ने दिल्ली की सत्ता में आने पर पूर्वांचल के लोगों के उत्थान के लिए अलग मंत्रालय बनाने और बजट का प्रावधान करने का वादा किया है! दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्वांचल का सूर्योदय नाम से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने की। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सोशल मीडिया के प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत, कन्हैया कुमार प्रणव झा और अभय दुबे उपस्थित रहे।



### अमित शाह ने किए नासिक के त्र्यंबकेश्वर मंदिर के दर्शन



**मुंबई( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर मंदिर के दर्शन किए। राज्य के एक दिवसीय दौरे पर आए शाह ने 12 ज्योतिर्लिंग में से एक त्र्यंबकेश्वरमंदिर में पूजा-अर्चना की और मंदिर प्रशासन ने उनका अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज्य के मंत्री माणिकराव कोकाटे व गिरीश महाजन भी थे।

## एक्टिंग छोड़ किन्नर अखाड़े की साध्वी बनीं ममता कुलकर्णी

### संगम में किया पिंडदान, बोलीं- यह महादेव का आदेश



**महाकुंभ नगर( एजेंसी )।** 90 के दशक के दौरान बॉलीवुड में एक लोकप्रिय नाम रहीं ममता कुलकर्णी अब आधिकारिक तौर पर संन्यास लेने के बाद साध्वी बन गई हैं। वह महाकुंभ मेले में भी पहुंची हैं जहां उन्होंने किन्नर अखाड़े में आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी से मुलाकात की। वह गले में रुद्राक्ष की माला और कंधे पर भगवा बैग लटकाए नजर आईं। सोशल मीडिया पर ममता का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह एक हिंदू साधु की तरह भगवा रंग की पोशाक पहने हुए देखी जा सकती हैं। पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम घाट पर अपना पिंड दान ( शेष पेज 2 पर )

**स्पेशल खबर** *दावोस में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया दावा...*

## भारत सेमीकंडक्टर इस्तेमाल में वैश्विक केंद्र बनने तैयार



**दावोस ( एजेंसी )। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच में वैश्विक दिग्गजों और उद्योग प्रमुखों को संबोधित करते हुए समावेशी विकास के बारे में भारत के दृष्टिकोण और इसकी उल्लेखनीय विकास गाथा प्रस्तुत की।**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री वैष्णव ने भारत द्वारा आर्थिक विकास के लिए अपनाए गए संतुलित दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, जिसमें विनिर्माण और सेवा दोनों ही राष्ट्रों के विकास को गति दे रहे हैं। श्री वैष्णव ने कहा, यह विनिर्माण या सेवा नहीं हो सकता, यह विनिर्माण और सेवा दोनों ही क्षेत्र होने चाहिए। क्योंकि ये दोनों ही क्षेत्र भारत की आर्थिक प्रगति के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने सतत और समावेशी विकास के लिए दोनों के बीच आवश्यक तालमेल को चिन्हित किया। उन्होंने भारत के केवल आयात के विकल्प पर ध्यान केंद्रित करने से लेकर मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड दृष्टिकोण को अपनाने तक के बदलाव के बारे में बताया। अब घरेलू स्तर पर इस्तेमाल किए जाने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल फोन भारत में निर्मित होते हैं, इसलिए विकास की रणनीति फार्मास्यूटिकल, रसायन और परिधान जैसे क्षेत्रों में निर्यात-आधारित विकास की ओर स्थानांतरित हो गई है। भारत के भविष्य को आकार देने, नवाचार को बढ़ावा देने और अवसर पैदा करने में सेवा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की प्रमुख भूमिका को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय मंत्री ने एआई में प्रतिभा पूल को प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर देने की आवश्यकता पर भी ( शेष पेज 2 पर )